बड़ी फूड कंपनियों के आगे झुक गई सरकार

हेल्थ संबंधित चेतावनी पर यू-टर्न, सुप्रीम कोर्ट नाराज

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** सोचिए आप बाजार से जो चिप्स या सॉफ्ट ड्रिंक खरीद रहे हैं, उस पर अगर बड़े-बड़े संकेतों में बताया गया हो कि इसमें कितना फैट है और कितनी शुगर है, तो कैसा रहेगा? जाहिर है कि शायद ग्राहकों को खरीदने से पहले ही पता लग जाएगा कि वह चीज उनके लिए कितनी हानिकारक है. भारत में कुछ ऐसा ही होने जा रहा था, लेकिन बड़ी कंपनियों के दबाव में सरकार इस नियम को लागू करने से पहले ही झुकती नजर आ रही है.

दरअसल भारत में पैकेज्ड फूड और सॉफ्ट ड्रिंक की पैकेजिंग पर चीनी, नमक और फैट की अधिक मात्रा को लेकर सामने से स्पष्ट चेतावनी देने की कोशिशों को बड़ा झटका लगा है. रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक ने फूड इंडस्ट्री के विरोध के बाद पैकेज के सामने रंगीन चेतावनी लेबल लगाने की अपनी योजना से पीछे हट गया. मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है.



भारत में फेंटा में तीन गुना ज्यादा चीनी

रिपोर्ट में भारत और ब्रिटेन में बिकने वाले फेंटा की तुलना की गई है. ब्रिटेन में बिकने वाले एक कैन फैंटा में करीब 63 कैलोरी बताई गई हैं, जबकि भारत में उसी ब्रांड के पेय में करीब तीन गुना ज्यादा चीनी होने का दावा किया गया है. भारत में इसके अलावा एक आर्टिफिशियल कलर का भी इस्तेमाल होता है. यूरोप में कुछ खाद्य उत्पादों में ऐसे रंगों की मौजूदगी पर प्रमुख स्वास्थ्य चेतावनी की जरूरत होती है, जबकि भारत में इसकी जानकारी पैकेज के पीछे छोटे अक्षरों में दी जाती है. यह अंतर भारत में पैकेज्ड फूड और पेय पदार्थों के लेबलिंग नियमों को लेकर चल रही बहस को और गंभीर बनाता है.

सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े कार्यकर्ताओं ने नियामक के फैसले को चुनौती दी है. उनका कहना है कि पैकेज्ड फूड में मौजूद ज्यादा चीनी, नमक और फैट के बारे में ग्राहकों को आसानी से समझ आने वाली जानकारी मिलनी चाहिए.

क्या चाहते थे भारतीय नियामक

☐ भारत में खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई पिछले कई वर्षों से पैकेज्ड फूड के सामने पोषण संबंधी चेतावनी देने के अलग-अलग विकल्पों पर विचार करता रहा है.

☐ इनमें रंगों के जरिए यह बताना शामिल था कि किसी उत्पाद में चीनी, नमक या फैट की मात्रा ज्यादा है. उदाहरण के लिए ज्यादा चीनी या नमक के लिए लाल संकेत और कम फैट जैसी जानकारी के लिए हरे रंग का इस्तेमाल किया जा सकता था.

☐ ऐसे फ्रंट-ऑफ-पैक लेबल करीब 20 देशों में अलग-अलग रूप में इस्तेमाल किए जा रहे हैं. स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इससे ग्राहक बिना पैकेट के पीछे लिखी लंबी जानकारी पढ़े भी किसी उत्पाद की पोषण संबंधी स्थिति को आसानी से समझ सकता है.

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

फ्रंट-ऑफ-पैक चेतावनी लेबल को लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. फरवरी में कोर्ट ने नियामक को चेतावनी लेबल की संभावना पर विचार करने का निर्देश दिया था और इजरायल के लाल-हरे लेबल सिस्टम का भी अध्ययन करने को कहा था. हालांकि मार्च की इंडस्ट्री बैठक के बाद एफएसएसएआई ने अगस्त में कोर्ट को बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पैकेजिंग नियम बनाना मुश्किल है. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नियामक को फटकार लगाते हुए कहा कि दुनिया को यह पता होना चाहिए कि भारत अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है.

बड़ी कंपनियों ने किया विरोध

रॉयटर्स के मुताबिक 19 मार्च को एफएसएसएआई और फूड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में कंपनियों ने प्रस्तावित चेतावनी लेबल पर सवाल उठाए थे.

☐ बैठक की रिकॉर्डिंग के अनुसार कोका कोला इंडिया की वरिष्ठ अधिकारी मिली भट्टाचार्य ने कहा कि केवल किसी प्रतीक या आइकन को देखकर ग्राहक अपनी डाइट में बड़ा बदलाव नहीं करेगा.

☐ फूड इंडस्ट्री ने चेतावनी लेबल को भ्रम पैदा करने वाला और प्रभावी नहीं होने वाला भी बताया.

☐ कंपनियों की ओर से यह तर्क भी दिया गया कि नियामकों को चेतावनी लेबल की बजाय लोगों को खाने की मात्रा पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए.

☐ रिपोर्ट के मुताबिक कोका-कोला की कुछ यूरोपीय बाजारों में बिकने वाली ड्रिंक्स पर कंपनी ने खुद ट्रैफिक लाइट जैसे लेबल इस्तेमाल किए हैं.

☐ कोका-कोला एचबीसी अपनी वेबसाइट पर ऐसे लेबल को ग्राहकों को स्पष्ट और पारदर्शी जानकारी देने वाला बताती है.

नेस्ले पर भी उठे सवाल

नेस्ले भी भारत में फूड लेबलिंग से जुड़े इंडस्ट्री समूहों का हिस्सा रही है, जिन्होंने नियामक के पुराने प्रस्तावों का विरोध किया था. दूसरी ओर कंपनी ब्रिटेन में 2013 से कुछ उत्पादों पर पोषण संबंधी इंटरप्रेटिव लेबल का इस्तेमाल करती रही है. भारत और दूसरे देशों में एक ही ब्रांड के उत्पादों की सामग्री में अंतर को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं.

तैयारी : सरकार करने जा रही बड़ा बदलाव

हर पायलट का साल में एक बार होगा डोप टेस्ट

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि सरकार सभी पायलट के लिए वार्षिक डोप टेस्ट अनिवार्य करने पर विचार कर रही है. मौजूदा समय में पूरे नेटवर्क पर केवल 10 प्रतिशत पायलट का वार्षिक डोप टेस्ट करना अनिवार्य है. नायडू ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) सभी पक्षकारों से हर पायलट का साल में एक बार डोप टेस्ट कराने पर विचार कर रहा है. उन्होंने आगे कहा कि रेगुलेटर कोई अंतिम फैसला लेने से पहले टेस्टिंग के दायरे को बढ़ाने से होने वाले सुरक्षा संबंधी फायदों और कामकाज पर पड़ने वाले असर की जांच कर रहा है.

एयर इंडिया की घटना के बाद आया फैसला : यह प्रस्ताव इस महीने की शुरुआत में एयर इंडिया की फुकेत-दिल्ली उड़ान की घटना के बाद पायलटों के लिए नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से जुड़े नियमों की कड़ी जांच के बीच आया है. नायडू ने कहा कि नियमों को मजबूत करने पर बातचीत और घटना की चल रही जांच से अलग की जा रही है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) एयर इंडिया की घटना के सिलसिले में फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और विमान के दूसरे सिस्टम की जांच कर रहा है. उन्होंने कहा कि जल्द ही एक शुरुआती रिपोर्ट जारी की जा सकती है.

पायलट का टेस्ट पॉजिटिव

इस घटना के बाद चिंताएं तब और बढ़ गईं जब पायलट-इन-कमांड का कन्फर्मेटरी ड्रग टेस्ट मारिजुआना के लिए पॉजिटिव आया. इसके बाद एयर इंडिया ने अपने सभी पायलटों के लिए ड्रग स्क्रीनिंग का दायरा बढ़ा दिया. बाद में दो और पायलट शुरुआती ड्रग टेस्ट में फेल पाए गए और कन्फर्मेटरी टेस्ट के नतीजों का इंतजार करते हुए एहतियात के तौर पर उन्हें फ्लाइट ड्यूटी से हटा दिया गया.

शेयर MARKET

बीएसई	77,656.09	(▲ 286.98)
निफ्टी	24,334.55	(▲ 115.50)
निफ्टी IT	30,771.80	(▲ 174.90)

₹ $ 95.46 (प्रति डॉलर)

	सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम)	चांदी (प्रति किग्रा)
नागपुर	1,63,000 (▼)	2,44,500 (▼)
मुंबई	1,62,800 (▼)	2,43,500 (▼)

कच्चा तेल | 89.32 ($ प्रति बैरल)

अंडा महात्मा फुले मार्केट

इंग्लिश अंडा 100 नग 510

उछाल : कच्चे तेल के दाम में आई नरमी, निफ्टी भी चढ़ा

सेंसेक्स 287 अंक चढ़ा, लौटी तेजी

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी. कारोबार समाप्त होने से पहले लिवाली और कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 287 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 115 अंक के लाभ में रहा. तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान अधिकांश समय गिरावट में रहा. लेकिन आखिरी चरण में लिवाली से यह 286.98 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 77,656.09 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 77,666.39 अंक तक गया और नीचे में 77,125.91 अंक तक आया. कुल मिलाकर कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 243.2 अंक की गिरावट आई थी.

वैश्विक बाजार: एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग मामूली गिरावट में रहा. यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था. अमेरिका बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे.

कच्चा तेल: वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत तीन प्रतिशत टूटकर 89.32 डॉलर प्रति बैरल पर रही.

रुपया 95.46 प्रति डॉलर पर

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को शुरुआती नुकसान से उबरकर 24 पैसे की बढ़त के साथ 95.46 रुपये प्रति डॉलर पर रहा. रुपये की विनिमय दर 95.50 से 96.00 के आसपास सीमित दायरे में बनी रही. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.74 प्रति डॉलर पर खुला. कारोबार के दौरान यह 95.40 के उच्च स्तर तक गया.

लोगों ने ओवैसी को घेरा, पुराना वीडियो वायरल

शादी पर 50 करोड़ खर्च पर विवाद

■ **हैदराबाद, एजेंसियां.** एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ओवैसी की बेटी कनीज फातिमा ओवैसी की लंदन में हुई शादी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है. सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने शादी के भव्य आयोजन को ओवैसी की उन पुरानी सार्वजनिक अपीलों से जोड़कर सवाल उठाए, जिनमें उन्होंने मुस्लिम समाज से निकाह सादगी से करने और अनावश्यक खर्च से बचने की अपील की थी. कनीज फातिमा पेशे से बैरिस्टर हैं और उन्होंने डॉ. इब्राहिम मुर्तजा से शादी की. समारोह में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी समेत कई हस्तियों के शामिल होने के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं. कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में शादी पर करीब 50 करोड़ रुपये खर्च होने का दावा किया गया, हालांकि इस राशि की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है. ओवैसी के पुराने बयानों के वीडियो साझा करते हुए कहा कि उन्होंने मुस्लिम परिवारों से मस्जिद में सादा निकाह करने, कम खर्च करने और बची रकम को शिक्षा व जरूरतमंदों की मदद में लगाने की अपील की थी.

विवाह को लेकर सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

शादी में दुल्हन के पहनावे, बिना हिजाब नजर आ रही महिलाओं और समारोह की शैली को लेकर भी सोशल मीडिया पर तरह-तरह की टिप्पणियां की गईं. हालांकि, इन टिप्पणियों का बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया यूजर्स की राय है और इससे शादी या परिवार के धार्मिक आचरण के बारे में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा. गौरतलब है कि अकबरुद्दीन ओवैसी अपने सार्वजनिक भाषणों में मुस्लिम शादियों में फिजूलखर्ची से बचने की अपील करते रहे हैं. अब उनकी बेटी की शादी को लेकर उन्हीं बयानों के संदर्भ में सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है.

NEWS विंडो

केंद्रीय बोर्ड में तीन नए दिग्गज शामिल

मुंबई. केंद्र सरकार ने आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड में तीन नए अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक नियुक्त किए हैं. इन नियुक्तियों में पूर्व राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन, पूर्व नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और परामर्श फर्म बीसीजी इंडिया के अध्यक्ष जनमेजय कुमार सिन्हा शामिल हैं. ये सभी 24 अगस्त, 2026 से चार साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक पद पर रहेंगे.

100 से अधिक स्टार्टअप्स को सहयोग

मुंबई. कोटक महिंद्रा बैंक ने प्रारंभिक राजस्व चरण के स्टार्टअप्स के लिए अपनी प्रमुख सीएसआर पहल कोटक बिजलैब्स एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के सीजन 3 की घोषणा की. सीजन अक्टूबर 2027 तक चलेगा और देशभर के 100 से अधिक स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़ने के अवसर और शुरुआती वित्तीय सहायता के माध्यम से सहयोग प्रदान करेगा. सीजन 3 में पांच इनक्यूबेशन पार्टनर शामिल हैं.

ट्रंप का 'टैरिफ वार' जारी, चीन के खिलाफ नया प्लान

सस्ते सामान पर 7.5% कर संभव

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी में हैं. मामले से जुड़े लोगों के मुताबिक, यह कदम चीन पर वैश्विक बाजार में कम कीमत वाले सामान की बाढ़ लाने के आरोप के बाद उठाया जा रहा है. प्रस्तावित शुल्क 7.5 फीसदी हो सकता है, हालांकि अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है. बताया जा रहा है कि अमेरिकी प्रशासन ऐसा स्तर तय करना चाहता है जिससे अमेरिका और चीन के बीच चल रहा एक साल का व्यापारिक समझौता प्रभावित न हो. साथ ही सितंबर के अंत में ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच प्रस्तावित मुलाकात पर भी इसका असर न पड़े.

चीन पर पहले से लगे शुल्क के ऊपर लगेगा नया टैरिफ

प्रस्तावित नया शुल्क चीन पर पहले से लागू टैरिफ के अतिरिक्त होगा. पिछले महीने अमेरिका ने दुनिया की करीब 60 अर्थव्यवस्थाओं से आने वाले सामान पर 10 से 12.5 फीसदी तक के शुल्क की घोषणा की थी. इन देशों पर जबरन मजदूरी से बने उत्पादों पर रोक को प्रभावी ढंग से लागू नहीं करने का आरोप लगाया गया था. चीन समेत कई देशों ने इस कदम का विरोध किया था. ट्रंप प्रशासन ने मार्च में चीन समेत कई देशों की अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता और जबरन मजदूरी से जुड़े नियमों को लेकर औपचारिक जांच शुरू की थी.

अमेजन, स्विगी, BB फूड लाइसेंस सस्पेंड

'धतूरे' पर FDA का एक्शन

■ **बंगलुरु, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** ऑनलाइन ग्रॉसरी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से घर का सामान ऑर्डर करने वाले ग्राहकों के लिए एक बेहद चौंकाने वाली और गंभीर खबर सामने आई है. कर्नाटक के खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने देश की तीन बड़ी ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स कंपनियों अमेजन, स्विगी इंस्टामार्ट और बिगबास्केट के फूड लाइसेंस सस्पेंड कर दिए हैं. यह बड़ी और सख्त कार्रवाई इन प्लेटफॉर्म्स पर बेहद जहरीले पौधे 'धतूरे' की लिस्टिंग और सप्लाई का खुलासा होने के बाद की गई है. इंसानी शरीर के लिए बेहद खतरनाक और जानलेवा माने जाने वाले इस जहरीले फल को खाद्य पदार्थ के रूप में लिस्ट किए जाने और डिलीवर होने से हड़कंप मच गया है.

सरकार का एक्शन

कर्नाटक फूड सेफ्टी एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने तीनों कंपनियों के फूड लाइसेंस को अगले आदेश तक सस्पेंड कर दिया है. इन प्लेटफॉर्म्स पर धतूरे के फल और बीज फूड प्रोडक्ट के तौर पर लिस्ट किए गए पाए गए थे. डिपार्टमेंट ने इन तीनों प्लेटफॉर्म्स को ऐसी सभी लिस्टिंग और एडवरटीजमेंट्स को हटाने और धतूरे की फूड के तौर पर सेल और डिस्ट्रीब्यूशन रोकने का निर्देश भी दिया है.

चीनी के मिल भाव 55 रुपये किलो

■ **दिल्ली.** चीनी के आयात की अनुमति दिए जाने और जमाखोरी एवं सट्टेबाजी पर सरकार के अंकुश लगाने के बाद इसके मिल भाव 18% घटकर 55 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई.

E-Tender Notice

MAHAVITARAN
Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd

The **Executive Engineer, MSEDCL, Gandhibag Division** invites e-Tender in two bid system from experienced reputed agency having experience of similar work in MSEDCL & completing the formalities for Annual Contract for Monthly Meter Reading, Bill printing, Bill Distribution & Acknowledgement receipt of delivery to consumer of All PC 0 Consumers (IP , Commercial and Others) CT/Whole Current meter Consumers under all Sub-Division's of Gandhibag Division (With CMRI for above 20 KW load consumer & without CMRI for balance Consumers) having **Tender No. EE/GBDN/Tech/Re-float/CT-IP Reading/26-27/T-06.** The Tender details are available on website etender.mahadiscom.in/eatApp//. The Tender documents can be downloaded from aforesaid website from 26.08.2026. Submit the tender duly filled in on or before 11.09.2026 before 17:30 Hrs.

NZ / PR No. 125 / 2026 Date : 25.08.2026

Executive Engineer
O&M, MSEDCL Gandhibag Division, Nagpur

SRM E-TENDER NOTICE

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

SRM E-Tenders with the schedule for rates filled in are invited for the following works from reputed agencies in the field preferably from those who have carried out such works in the MSETCL and or registered with State electricity Board, B & C, NTPC, other Govt. / Semi Govt. & Public sector Organizations. The SRM e-tender is to be filled on line and is available on site of Company **www.mahatransco.in**. Further details are as follows: -

SRM E-Tender specification No. **EE/EHV/O&M/NGP/Tech/SRM-E-Tender/26-27/16 (RFX No. 7000041292)** towards AMC of Weed Control (9-Cycle), Rodent Control (Monthly) and Trimming/Uprooting of Grass, Weeds, Shrubs & Trees (Twice a Year) at various 220KV & 132KV Sub-Stations under EHV (O&M) Division, MSETCL, Nagpur for estimated cost is **Rs. 39,10,275=35** is available on site of Company **www.mahatransco.in** from **dt. 26.08.2026 to 04.09.2026.** Last date of submission of offer is **04.09.2026 upto 23.55 Hrs.** Opening of Technical bid against the e-tender is **dt. 07.09.2026 at 11.00 Hrs.** & opening of commercial bid against the same e-tender is **dt.07.09.2026 at 12.00 Hrs.** Other terms & condition of the Tender will remain unchanged. For more details please visit **www.mahatransco.in**.

Sd/-
EXECUTIVE ENGINNER
EHV (O&M) DIVISION, MSETCL, NAGPUR

---

1 जीबी मोबाइल डेटा की कीमत 97% घटी

खपत 128 गुना बढ़ी: जियो

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** देश में पिछले एक दशक में एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत में करीब 97 प्रतिशत की कमी आई है. इसी अवधि में प्रति ग्राहक औसत मासिक वायरलेस डेटा खपत में भी 128 गुना की बढ़ोतरी हुई है. देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ये आंकड़े साझा करते हुए कहा कि 2016 में एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत औसतन करीब 228 रुपये थी, जो अब घटकर लगभग 7.51 रुपये रह गई है. वहीं इस दौरान डेटा की प्रति व्यक्ति मासिक खपत जो 0.2 जीबी से भी कम थी, दिसंबर 2025 तक 26.7 जीबी पर पहुंच गई है. इसी अवधि में मोबाइल डाउनलोड स्पीड भी 2.5 एमबीपीएस से बढ़कर 68 एमबीपीएस से अधिक हो गई है. आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने की तैयारी कर रही रिलायंस जियो के पांच सितंबर को व्यावसायिक परिचालन के 10 साल पूरे हो जाएंगे.

बजाज ऑटो 3 नए उत्पाद दो नए ब्रांड पेश करेगी

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो अगले 45 दिन में तीन नए उत्पाद पेश करेगी और आने वाले महीनों में दो नए ब्रांड भी बाजार में उतारेगी. बजाज ऑटो मौजूदा ग्राहकों को नए मॉडल की ओर आकर्षित करने के साथ नए ग्राहक जोड़ने पर भी ध्यान दे रही है. इस क्रम में कंपनी ने नई पल्सर 125 और पल्सर 150 मोटरसाइकिल पेश कीं. इनकी शुरुआती शोरूम कीमत क्रमशः 92,900 रुपये और 1.15 लाख रुपये है. दोनों मॉडल में नए फीचर और तकनीकें जोड़ी गई हैं.

45 दिन में तीन नए उत्पाद पेश करेंगे

बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राकेश शर्मा ने कहा कि हम अगले 45 दिन में तीन नए उत्पाद पेश करेंगे और दो नए ब्रांड भी लाएंगे. शर्मा ने कहा कि कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर से अब तक 12 मॉडल पेश किए हैं. उन्होंने कहा कि पल्सर के 125 सीसी और 150 सीसी जैसे कुछ मॉडलों में लंबे समय से बड़े बदलाव नहीं हुए थे, जिससे इस खंड में कुछ 'थकान' देखने को मिली. नए मॉडल मौजूदा ग्राहकों के साथ नए खरीदारों को आकर्षित करने में मदद करेंगे. बजाज ऑटो की कुल बिक्री जुलाई में 30 प्रतिशत बढ़कर 4,74,677 इकाई रही, जो एक साल पहले 3,66,000 इकाई थी. घरेलू बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 2,20,192 इकाई रही. घरेलू दोपहिया बिक्री भी 19 प्रतिशत बढ़कर 1,65,747 इकाई हो गई. कंपनी के दोपहिया कारोबार प्रमुख सारंग कानडे ने कहा कि दोपहिया वाहन उद्योग फिलहाल करीब 12 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और मोटरसाइकिल खंड में वृद्धि करीब 10 प्रतिशत है.

दो हफ्ते और 40 हजार करोड़ के ऑर्डर मिले

LARSEN & TOUBRO

L&T के काम का बजा दुनिया में डंका

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** भारत की दिग्गज इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने महज दो हफ्तों के भीतर करीब 40,000 करोड़ रुपए के मेगा ऑर्डर हासिल कर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी सेक्टर में अपनी धाक जमा दी है. मिडिल ईस्ट के हाई-वैल्यू हाइड्रोकार्बन व गैस प्रोजेक्ट्स से लेकर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम और दुनिया की सबसे बड़ी चिप कंपनी एनवीडिया के लिए भारत की सबसे बड़ी एआई फैक्ट्रीज बनाने तक-कंपनी को मिले बैक-टू-बैक ऑर्डर्स ने इसकी ऑर्डर बुक को रिकॉर्ड मजबूती दी है. अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों को पछाड़कर हासिल की गई इन ऐतिहासिक डील्स ने न केवल वैश्विक पटल पर भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता का लोहा मनवाया है, बल्कि शेयर बाजार में भी निवेशकों के भरोसे को नए पंख लगा दिए.

बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का मिला ऑर्डर

लार्सन एंड टुब्रो ने मंगलवार को बताया कि उसे मिडिल ईस्ट में तीन बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम प्रोजेक्ट्स के लिए एक "बड़ा" ऑर्डर मिला है. खास बात तो ये है कि कंपनी ने लगातार दूसरे दिन मिडिल ईस्ट से ऑर्डर मिलने की बात कही है. इस ऑर्डर की कीमत 5,000 से 10,000 करोड़ रुपए के बीच है. कंपनी की फाइलिंग के अनुसार, इन प्रोजेक्ट्स की कुल स्टोरेज क्षमता 6 गीगावाट-घंटे होगी.

उत्तर पश्चिम रेलवे

निविदा सूचना
(सर्वे एवं निर्माण)

क्रमांकः BI-NMH-T-09R **Date: 21.08.2026**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण-चतुर्थ), उत्तर-पश्चिम रेलवे, हिरण मगरी, सेक्टर-11, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र पर ई- निविदा (दो पैकेट प्रणाली) आमंत्रित करते है। जो कि दिनांक 14.09.2026 को 15:30 बजे खोली जाएगी। **1. निविदा संख्या :** BI-NMH-T-09R **2. कार्य का नाम एवं स्थान :** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के अंतर्गत छोटी सादड़ी होते हुए बाड़ी सादड़ी - नीमच नई लाइन परियोजना से संबंधित जालोदा जागीर-नीमच नई लाइन सेक्शन के पूर्णता एवं कमीशनिंग हेतु अतिरिक्त कार्य, जिसमें बैंक/कटिंग में मिट्टी का कार्य, ब्लैंकेटिंग, सुरक्षा कार्य, ROB/RUB के अप्रोच, प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेल्टर, स्टेशन भवन, सर्कुलेटिंग एरिया, नाली, रिटेनिंग वॉल, क्वार्टर संबंधी कार्य तथा अन्य सहायक कार्य शामिल हैं। **3. निविदा का प्रकार :** दो पैकेट प्रणाली **4. अनुमानित लागत :** राशि 91,91,41,811.63 रुपये **5. बयाना राशि :** राशि 1,83,82,800.00 रुपये **6. कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 08 (आठ) माह **7. ई-निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक और समय :** दिनांक 14.09.2026 को 15:00 तक **8. वेबसाइट का विवरण :** www.ireps.gov.in नोटः कोई भी मैनुअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

1230-CQ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

विद्युत विभाग (Tr-D)/खुली निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. TRD_NAG_TENDER_26-27_24, dated 20.08.2026, **कार्य का नामः** नागपुर डिवीजन में स्टेशन, TSS/SP/SSP और सेफ्टी बोर्ड आदि के लिए सेक्शनिंग डायग्राम बोर्ड तैयार करना और उनकी सप्लाई करना, साथ ही सेफ्टी पोस्टर और वॉल पेंटिंग का काम। **निविदा का मूल्य (रु में):** ₹ 71,51,814.00, **बयाना राशि (रु में):** ₹ 1,43,000.00

इलेक्ट्रॉनिक ऑफर (ऑनलाइन) जमा करने की अंतिम तिथिः 11/09/26 का 15:00 बजे

उपरोक्त टेंडर के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (Tr-D)
PAM/39/97 **द.पू.म.रेलवे/नागपुर**

South East Central Railway @secrail

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें। दक्षिण मध्य रेलवे की निविदाओं का विवरण हमारी वेबसाइट www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः C/E.29/Elec/M/SC/35/PA/OT/2026-27 दिनांक 22-08-2026

PUB/601/26

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, अधोहस्ताक्षरी नीचे दिए गए कार्य के लिए **24/09/2026 को 15:00 बजे** तक ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्रमांकः1, ई-निविदा संख्याः ई-निविदा संख्या C/E.29/Elec/M/SC/35/PA/OT/2026-27, ई-निविदा संख्या : E-M-SC-35-OT-2026-27 **कार्य का नामः** सिकंदराबाद मंडल विद्युत रखरखाव विभाग - अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भद्राचलम रोड, महबूबाबाद, मधीरा, जंगांव, जहीराबाद, मंचिरयाल, पेद्दापल्ली और यादद्री स्टेशनों पर रैंप सहित 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण - विद्युत व्यवस्थाएं। **निविदा मूल्यः** 62,99,110.12 रुपये, **ईएमडीः** 1,26,000.00 रुपये, **सीटीएफः** 0 रुपये, **पूर्णता अवधिः** 6 महीने.

निविदा की शर्तें/अन्य विवरण IREPS की वेबसाइट "www.ireps.gov.in" पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध हैं, जिन्हें डाउनलोड किया जा सकता है, जिनमें भाग लिया जा सकता है और यदि कोई संशोधन हो तो उन्हें देखा जा सकता है।

निविदा सूचना सिकंदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद के वरिष्ठ डीईई (रखरखाव) के कार्यालय में स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की गई है, जिसे सभी कार्यदिवसों में देखा जा सकता है।

रेलवे बिना कोई कारण बताए निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता
A695 **रखरखाव / सिकंदराबाद।**

अग्रेत्तर निविदा शर्तों/विवरणों और टेंडर डॉक्यूमेंट्स डाउनलोड करने के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in पर जाएं

सार्वजनिक सूचना

शफिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड
(पूर्व में बीआरएमपी लीजिंग एंड फाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड)
(सीआईएनः U64990DL1995PTC072421)
(पंजीकृत कार्यालयः Z-8, हौज़ ख़ास, दक्षिण पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110016)
ईमेलः info@shfincredit.com
संपर्क नंबरः 9112212292

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक मंडल, सदस्यों और केंद्र सरकार के उचित अनुमोदन के उपरांत तथा कंपनी रजिस्ट्रार, दिल्ली । द्वारा नाम परिवर्तन के पश्चात जारी निगमन प्रमाण पत्र (Certificate of Incorporation) और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से नया CoR (पंजीकरण प्रमाण पत्र) प्राप्त होने के बाद, बीआरएमपी लीजिंग एण्ड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने अपना नाम बदलकर शफिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कर लिया है।

शफिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड के लिए
(पूर्व में बीआरएमपी लीजिंग एंड
फाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड)
हस्ताक्षरित/-
अश्विन फत्तूजी बोरकर दिनांकः 26/08/2026
निदेशक स्थानः दिल्ली

Kolhapur Municipal Corporation
Property Tax Department

Tender Notice No. 49 -
Extension due to Pre-Bid Meeting

Online bids are invited from eligible bidders for Selection of Agency for Providing Services for Assisting Numbering, Survey, and Assessment of all Properties on Revenue Generation Sharing Basis Model and Providing Required Software and Hardware for Kolhapur Municipal Corporation. The tender document containing the terms and conditions and the response of the Kolhapur Municipal Corporation regarding the objections/queries raised during the Pre-Bid Meeting has been published on the www.mahatenders.gov.in portal. The said tender process has been extended up to 04/09/2026.

Sd/-
Commissioner
Kolhapur Municipal Corporation